INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-1 EXAMINATION (2018-19)

दिनांक□25 09 2018 **विषय□हिंदी** **पूर्णांक□80**
कक्षा□VIII **समय□3 घण्टे**

निर्देश □1□इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं क,ख,ग और घ।
2□चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3□इस प्रश्न पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं।
4□उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए।

खंड क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1□निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

भगवान बुद्ध का सबसे बड़ा धर्म अहिंसा ही था।प्रेम और क□णा ही उनके सबसे बड़े मंत्र थे।मन, वाणी और कर्म से किसी भी प्राणी को कोई कष्ट न देना ही अहिंसा का मूल रूप है।सम्राट अशोक ने जीवमात्र को सुख पहु□ाने के लिए जितने भी उपाय संभव हो सकते हैं,किए।अहिंसा और शांति का संदेश दूर्र दूर देशों में प्रसारित करने के लिए उसने सुशील और सच्चरित्र विद्वानों को भेजा।राजकुमार महेंद्र और राजकुमारी संघमित्रा को भिक्षु और भिक्षुणी बनाकर बौद्ध धर्म की शिक्षा के प्रसार के लिए सिंहल द्वीप भेजा।आधुनिक युग में महात्मा गांधी ने भगवान बुद्ध के सत्य, प्रेम और अहिंसा का प्रचार किया, ताकि विश्व में शांति और सद्भावना स्थापित हो सके।

प्रश्न

(i) अहिंसा क्या है□
(ii) भगवान बुद्ध के मंत्र क्या थे□
(iii) सम्राट अशोक ने क्या प्रसारित किया□
(iv) सम्राट अशोक ने राजकुमार और राजकुमारी को सिंहल द्वीप क्यों भेजा□
(v) सम्राट अशोक द्वारा भेजे गए विद्वानों की क्या विशेषताए□थीं □
(vi) महात्मा गांधी ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का प्रचार क्यों किया□
(vii) 'दया' व 'संसार' शब्दों के पर्याय गद्यांश में से ढू□कर लिखिए।
(viii) 'सु' एवं 'इत' उपसर्ग और प्रत्यय वाले शब्द गद्यांश में से ढू□कर लिखिए।

खंड ख (व्याकरण)

प्रश्न 2□(i) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। **3**

(क) कृतग्य (ख) आत्यधिक

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) पानी गिर रहे हैं। (ख) मेरी कार बहुत तेज़ भागती है।

प्रश्न 3□(i) नीचे दिए गए शब्दों के वचन बताइए। **3**

(क) चा□ (ख) दर्शन

(ii) रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर वाक्य फिर से लिखिए।

(क) मैं जा रहा हू□(ख) महिला भाषण दे रही है।

प्रश्न 4□(i) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बताइए। **3**

(क) मंगलवार (ख) सभा

(ii) रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य फिर से लिखिए।

(क) सेवक पानी लेकर आया। (ख) वह भाग्यवान है।

प्रश्न 5□(i) निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए। **3**

(क) तुम परिश्रम करते, तो अवश्य सफल होते।

(ख) बाहर कौन खड़ा है□

(ii) निर्देशानुसार अर्थ के आधार पर वाक्य परिवर्तन कीजिए।

(क) आज वर्षा होगी। (संदेहवाचक)

(ख) मौसम सुहावना है। (विस्मयवाचक)

प्रश्न 6□निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग,मूलशब्द व प्रत्यय अलग करके लिखिए। **3**

(क) दुर्बलता (ख) अभिमानी

प्रश्न 7□दिए गए शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **2**

(क) अरण्य (ख) पत्थर

प्रश्न 8□निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों के पद भेद पहचानकर लिखिए। **2**

(क) वह छात्र बुद्धिमान है। (ख) हम दुबई जाए□

प्रश्न 9□नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **1**

(क) दोष (ख) पवित्र

प्रश्न **10**□निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। **5**

(क) म्यान (ख) तमाम (ग) अहमियत (घ) हैसियत (ङ) स्वच्छंद

प्रश्न **11**□निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। **4**

(क) डाकिए (ख) एकाएक (ग) अभी □भी (घ) ज्ञान

प्रश्न **12**□निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **6**

एक बार रेलवे स्टेशन पर टिकट बाबू टिकट लेते हुए गलती से मैंने दस के बजाय सौ □पये का नोट दिया और मैं जल्दी जल्दी गाड़ी में आकर बैठ गया। थोड़ी देर में टिकट बाबू उन दिनों के सेकंड क्लास के डिब्बे में हर आदमी का चेहरा पहचानता हुआ उपस्थित हुआ। उसने मुझे पहचान लिया और बड़ी विनम्रता के साथ मेरे हाथ में नब्बे □पये रख दिए और बोला, "यह बहुत गलती हो गई थी। आपने भी नहीं देखा ,मैंने भी नहीं देखा।" उसके चेहरे पर विचित्र संतोष की गरिमा थी। मैं चकित रह गया।

प्रश्न

(क) लेखक ने टिकट बाबू को कितने का नोट दिया□

(ख) टिकट बाबू लेखक को क्यों ढूढ़□रहा था□

(ग) लेखक किस पर चकित था□

(घ) टिकट बाबू से लेखक को कितने पैसे वापस मिलने थे□

(ङ) इस गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

प्रश्न **13**□निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **5**

(क) वीरों के ह्दय पर कैसी असफलता के निशान हैं□

(ख) महात्मा गांधी को पत्र किस नाम से आते थे□

(ग) 'बादल व पक्षी' क्यों डाकिए कहलाते हैं?

(घ) अंतरिक्ष के पार लोग क्यों गए थे□

(ङ) म्यान किस काम आता है□

प्रश्न **14**□निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए। **15**

(क) कबीर की साखिया□क्या संदेश देती हैं□

(ख) चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में क्यों है□

(ग) आपके सपनों का भारत कैसा होना चाहिए□

(घ) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है□

(ङ) पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या क्या प्रयास हुए□लिखिए।

(च) भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि निराश है या प्रसन्न है। सोचकर लिखिए।

खंड ग (लेखन)

प्रश्न **15**□निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) वर्षा से लाभ

(ख) परिश्रम का महत्व

(ग) हिंदी दिवस

प्रश्न **16**□आपके मोहल्ले की सफ़ाई हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए। **5**

या

अपने छोटे भाई को प्रात□भ्रमण के लाभ बताते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न **17**□परीक्षा परिणाम के संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। **5**

या

मोबाइल खरीदने के लिए पिर्ता पुत्र के बीच संवाद लिखिए।

****